तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 25 नवंबर 2025



4 भूअर्जन की राशि अब सीधे किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन हस्तांतरित






## खबर संक्षेप

### यातायात पुलिस ने 77 वाहन चालकों के विरुद्ध की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** शराबी वाहन चालकों के विरूद्ध यातायात पुलिस ने सख्त कार्यवाही की है। एक ही दिन में 7 शराबी वाहन चालकों को पकड़ा है। इसके अतिरिक्त बिना हेलमेट के 21, ट्रिपल सवारी 20 एवं तेज गति वाहन चलाने, नो पार्किंग, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने एवं यातायात नियमों का उलंघन करने इस प्रकार कुल 77 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्रवाई कर समान शुल्क चार्ज किया गया। शराबी वाहन चालकों का वाहन को जप्त कर शराबियों के विरुद्ध धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए जांजगीर चांपा पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उलंघन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा जिले के अलग अलग जगहों हाइवे रोड, अन्य राजमार्गो में यातयात नियमों का उलंघन करने पाए जाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर सघन चेकिंग की जा रही है। यातायात पुलिस ने लोगों से बिना हेलमेट वाहन नहीं चलाने, तीन सवारी से बचेने, शराब पीकर गाड़ी नही चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का उपयोग नहीं करने एवं मॉल वाहक वाहन में सवारी नहीं बैठाने अपील की है।

### 35 ग्रामीण हुए फूड पाइजनिंग के शिकार

**अकलतरा।** ग्राम बरगवां में गुपचुप खाने के बाद 35 लोग फूड पाइजनिंग के शिकार हो गए। उल्टी दस्त की शिकायत होने पर उन्हें उपचार के लिए अकलतरा सीएचसी में भर्ती कराया गया है। ग्राम बरगवां में 22 नवंबर की शाम को गुपचुप खाने के कुछ देर बाद लोगों को उल्टी एवं दस्त की शिकायत होने लगी। सुबह होते होते उल्टी दस्त की शिकायत वाले लोगों की संख्या 30 से भी ज्यादा पहुंच गई। बड़ी संख्या में उल्टी दस्त की शिकायत होने पर पंच विकास भारद्वाज के द्वारा इसकी सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी गई। सीएमएचओ डॉ. यूके मरकाम, बीएमओ डॉ.महेंद्र सोनी, बीपीएम अनूप मनहर सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला बरगवां पहुंचा एवं उल्टी दस्त की बीमारी लोगों का चिन्हांकन करके उन्हें दवाई वितरण किया गया। ग्राम वासियों ने बताया कि 22 नवंबर की शाम को एक गुपचुप वाला अपने ठेले में घूम घूम कर गुपचुप बेच रहा था जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने गुपचुप का सेवन किया था।

### मकान व दुकान से जेवरात समेत 10 लाख का माल पार

**अकलतरा।** नगर के मुख्य मार्ग पर एक्सिस बैंक के सामने स्थित कस्तूरी ट्रेडर्स के संचालक विनय केडिया के सुने दुकान एवं घर पर धावा बोलकर अज्ञात चोरों ने आभूषण एवं नगदी सहित 10 लाख का माल पर कर दिया। घटना के दौरान विनय केडिया का परिवार विवाह समारोह में शामिल होने बाहर गया हुआ था। पुलिस मामले की जांच और चोरों की पतासाजी में जुट गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार एक्सिस बैंक के सामने विनय केडिया कस्तूरी ट्रेडर्स का संचालन करते है। दुकान के पीछे में उनका परिवार निवास करता है। शनिवार 22 नवंबर की रात विनय केडिया का पूरा परिवार विवाह कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बाहर गया था। रविवार 23 नवंबर की सुबह जब विनय केडिया परिवार सहित अपने घर पहुंचा तो घर का ताला टूटा हुआ देखकर उसके होश उड़ गए। अंदर जाने पर गल्ला किराना में रखा हुआ कैश पेटी का ताला एवं बेडरूम के अंदर अलमारी का ताला भी टूटा हुआ मिला एवं पेटी व अलमारी से नगदी व सोने चांदी के आभूषण गायब थे। विनय केडिया के द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दिए जाने पर एसडीओपी प्रदीप सोरी थाना ,प्रभारी भास्कर शर्मा डॉग स्क्वायड एवं साइबर सेल की टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं उनके द्वारा निरीक्षण किया गया।

# जल आपूर्ति प्लेटफार्म निर्माण का स्टीमेट ज्यादा, अब ठेकेदारों से होगी रिकवरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

- जिनको हो गया भुगतान उनसे करेंगे रिकवरी, जिनका बाकी है उनका रोक रहे प्रति प्लेटफार्म 1704 रुपए

जल जीवन मिशन के एफएचटीसी (फंक्शनल हाउसहोल्ड टेप कनेक्शन) में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। इसके लिए जो स्टीमेट बनाया गया था उसमें प्रति प्लेटफार्म 1704 रुपए ज्यादा था। निर्माण के बाद भुगतान भी हो गया, लेकिन इसे एजी (महालेखाकार) ने पकड़ लिया। इसके बाद एजी ने इसके भुगतान पर आपत्ति लगा दी। दूसरी ओर जिन ठेकेदारों को भुगतान हो चुका है उनसे रिकवरी करने का निर्देश दिया गया। पीएचई अब ऐसे ठेकेदारों से प्रति प्लेटफार्म 1704 रुपए के हिसाब से रिकवरी कर रही है। खास बात यह है कि विभाग के अधिकारियों ने स्टीमेट में गड़बड़ी की और इसका खामियाजा का करने वाले लोग भुगत रहे हैं। जिले मे 2 लाख 42 हजार 839 घरेलू नल कनेक्शन लगाना है। इन कनेक्शनों के लिए जो प्लेटफार्म बनाया जाता है उसकी प्रति प्लेटफार्म निर्माण की रेट 6 हजार 969 रुपए है। यह स्टीमेट किसने बनाई इसका खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन अब इसमें गड़बड़ी की बात सामने आ रही है। जानकारी मिली है कि ठकेदारों को भुगतान की जा रही है यह रेट 1704 रुपए ज्यादा है। अभी तक कितने ठेकेदारों को कितनी ज्यादा राशि भुगतान हो चुका है इसकी जानकारी भी नहीं मिल पाई है, लेकिन अब की गई ज्यादा भुगतान की वसूली ठेकेदारों से की जा रही है। जानकारी के अनुसार प्रति प्लेटफार्म निर्माण के लिए पांच हजार दो सौ पैंसठ रुपए भुगतान होना चाहिए, लेकिन यहां 1704 रुपए ज्यादा हो रहा है। इसकी रिकवरी की जा रही है।



ज्यादा भुगतान होने के कारण रिकवरी की जा रही है। जिन ठेकेदारों का भुगतान अभी हो रहा है उसमें उतनी राशि रोक कर किया जा रहा है।

**केके कंवर**, प्रभारी ईई पीएचई

### भुगतान है बाकी

काम पूरा करने वाले कुछ ठेकेदारों को पूरा भुगतान हो चुका है तो कुछ ठेकेदारों का काम धीरे-धीरे पूरा हो रहा है। उनका जो बिल भुगतान हो रहा है उसमें 1704 रुपए रोक दिया जा रहा है। जिनको भुगतान हो चुका है उनसे वसूली की जा रही है। अब तक कितने ठेकेदारों से कितनी वसूली हो चुकी है यह विभाग भी नहीं बता पा रहा है। कारण जल जीवन मिशन के कामों की संख्या काफी ज्यादा है। इसके कारण ठेकेदारों को दिए गए काम की संख्या भी काफी अधिक है। जल जीवन मिशन में हर काम के लिए अलग-अलग ठेका होता है।

## एक करोड़ की ठगी के मास्टरमाइंड बाप-बेटे समेत चार आरोपी श्रीनगर से गिरफ्तार

# अंतरराज्यीय गैंग ने देशभर में किया था 200 से ज्यादा साइबर फ्रॉड, अब जेल की खाएंगे रोटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- यूट्यूब विज्ञापन से शुरू हुआ शेयर ट्रेडिंग का खेल, उद्योगकर्मी ने गंवाए करोड़ों रुपए

पैसे की लालच इंसान को किस कदर गर्त तक ले जाती है यह बानगी तब देखने को मिली जब उद्योगपति दंपत्ति ने झांसे में आकर एक करोड़ से ज्यादा रकम गंवा दी। इस साइबर ठगी के बड़े फ्राडों के मास्टर माइंड समेत दो बाप-बेटे को रायगढ़ पुलिस ने श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) से गिरफ्तार किया है। यह अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन ट्रेडिंग ठगी का बड़ा गैंग हैं जिनको श्रीनगर के विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया है। यह गिरोह शेयर ट्रेडिंग में भारी मुनाफा दिखाकर देशभर में करोड़ों की धोखाधड़ी कर रहा था। जानकारी के अनुसार अब तक देशभर में करीब 200 से ज्यादा फ्राड कर लोगों से रुपए ऐंठ चुके हैं। अब इस गैंग के लोग रायगढ़ जेल में रोटी फाकेंगे। जानकारी के अनुसार ढिमरापुर निवासी उद्योगकर्मी दंपत्ति ने यूट्यूब पर शेयर ट्रेडिंग का विज्ञापन देखकर एक लिंक पर संपर्क किया। खुद को ₹यूके इंडिया चैनल₹ से जुड़ा बताने वाले कॉलर ने उन्हें एक एप डाउनलोड कराकर निवेश शुरु कराया। बीते 20 मई से 30 अगस्त के बीच दंपत्ति से 1 करोड़ 8 लाख 44 हजार 25 रुपए विभिन्न खातों में जमा करा लिया गया। जुलाई में जब उन्होंने एकमुश्त 32 लाख जमा किए तो एप में उनकी राशि 42 करोड़ दिखाई गई। राशि निकालने कहा गया तो 5 लाख ब्रोकरेज शुल्क मांगा गया, जिसे उन्होंने जमा भी कर दिया। इसके बाद कॉलर का संपर्क बंद हो गया। 7 सितंबर को पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली थाने में धारा 318 (4) के तहत अपराध दर्ज किया गया था।




### ये हैं गिरफ्तार आरोपी

यासीर शॉफी चारलू पिता मोहम्मद शॉफी चारलू 23 निवासी नाईच कदल रंजर मस्जिद श्रीनगर थाना जनाकदम जिला श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) साकीब फारूखदार पिता फारूख अहमददार 24 साकिन बटमालू फिरोदासबाद थाना बटमालू जिला श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) मेहराजउद्दीन असाई पिता गुलामरसुल 57 साकिन सुतरासाई करमनगर श्रीनगर थाना शहीदगंज जिला श्रीनगर (जम्मू कश्मीर) अर्शलन अफॉक पिता मेहराजउद्दीन असाई 21 साल साकिन सुतरासाई करमनगर श्रीनगर थाना शहीदगंज जिला श्रीनगर (जम्मू कश्मीर)

### जांच में खुलासा, देशभर में फैला है ठगी का जाल

जांच में गिरोह द्वारा उपयोग किए गए बैंक खातों की सच्चाई सामने आई। इनके खिलाफ देश के कई राज्यों में लगभग 200 शिकायतें दर्ज हैं । साथ ही 10 करोड़ से अधिक का अवैध लेनदेन होने का प्रमाण मिला है। गिरोह के अंतरराज्यीय संगठित साइबर फ्रॉड की पुष्टि होने पर प्रकरण में धारा 111, 3(5) बीएनएस एवं 66(D) आईटी एक्ट जोड़ा गया है। पुलिस ने आरोपियों से चार मोबाइल फोन जब्त किया है। जांच में यह प्रमाणित हुआ कि पीड़ित के पूरे 1.08 करोड़ रुपए इन्हीं गिरोह के खातों में जमा किए गए थे। पुलिस ने राशि रिकवरी की प्रक्रिया शुरु कर दी है।

### ऐसे मिली पुलिस को सफलता

साइबर सेल और कोतवाली पुलिस द्वारा ठगी में प्रयुक्त बैंक खातों से लिंक मोबाइल नंबरों की सूक्ष्मता से विश्लेषण किया गया । पता चला कि पीड़ित के 32.50 लाख रुपए श्रीनगर निवासी यासीर शॉफी चारलू के खाते में जमा हुए थे। पुलिस की विशेष टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से छापेमारी कर यासीर को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने रकम मेहराज असाई को ट्रांसफर की और कैश भी दिया। इसके बाद पुलिस ने मेहराज असाई को भी गिरफ्तार किया। मेहराज से पूछताछ में उसके बेटे अर्शलान और आरोपी साकीब फारूखदार की अपराध में संलिप्तता की पुष्टि हुई जिन्हें पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया।

### 1 लाख 70 हजार के नकली नोट के साथ तीन गिरफ्तार

**मालखरौदा।** क्षेत्र में नकली नोट खपाने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 70 हजार रुपए का नकली नोट बरामद किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले तेलंगाना में नकली नोट बनाने वाले एक गिरोह को पुलिस ने पकड़ा था। पूछताछ के दौरान गिरोह ने मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में कुछ लोगों से संपर्क कर नोट खपाने की बात कही। उनकी निशानदेही पर सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जवाली निवासी नंदलाल जांगड़े और देवगांव निवासी छतराम आदित्य व मालखरौदा थाना क्षेत्र के छपोरा निवासी मनहरण उर्फ सोहन लहरे को पुलिस ने पकड़ा। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उन्होंने क्षेत्र में खपाने के लिए नकली नोट लेने की बात कबूल की। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में खपाने के लिए कुल 2 लाख रुपए के नकली नोट लिए गए थे। इनमें से 30 हजार रुपए अलग-अलग जगहों पर खपाए भी जा चुके है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 70 हजार रुपए के नकली नोट बरामद किए।

# कन्वेयर बेल्ट में फंसा मजदूर रास्ते में हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सोमवार की सुबह एमएसपी प्लांट में काम करते समय कन्वेयर बेल्ट में हाथ फंसने से एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मजदूर की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद चक्रधरनगर पुलिस मौके पर मर्ग पंचनामा कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जामगांव में स्थित एमएसपी उद्योग में काम करते समय सोमवार की सुबह तकरीबन साढ़े 11 बजे के आसपास लक्ष्मण साहू 42 साल, निवासी अमोरा जिला जांजगीर चांपा का हाथ अचानक कन्वेयर बेल्ट में फंस गया। इस घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके बाद घायल मजदूर को तत्काल उपचार के लिये मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया। जहां मौके पर मौजूद चिकित्सक ने प्रारंभिक जांच के दौरान ही उसे मृत घोषित कर दिया। साथी मजदूरों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतक लक्ष्मण साहू का एक बेटा और एक बेटी है और वह बीते 28 दिन पहले ही ठेकेदार धीरेन्द्र सिंह के अंडर एमएसपी प्लांट में बतौर फीटर का काम करते आ रहा था। कंपनी में हुए इस हादसे ने एक बार फिर से कंपनियों में मजदूरों की सुरक्षा पर सवाल खड़ा कर दिया है। मृतक के भाई ने कंपनी प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसके भाई की मौत कंपनी की लापरवाही की वजह से हुई है। कंपनी में कन्वेयर बेल्ट को बंद करके भी काम कराया जा सकता था, लेकिन मौके पर मौजूद ठेकदार ने मशीन बंद करने से साफ मना कर दिया। वहीं हादसे के बाद भी मौके पर कंपनी प्रबंधन की तरफ से कोई अधिकारी नहीं आया।जिसे

## दूसरे के पट्टे में बिक्री करने की थी तैयारी, राजस्व और फूड की टीम ने की छापेमारी

# 40 एकड़ डायवर्टेड जमीन पर लगा था धान खपाने से पहले पहुंच गई अधिकारियों की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**

- 500 क्विंटल धान मौके पर था डंप, बनाया गया जब्ती, दो साल पहले ही यह कृषि जमीन हो चुकी है कमर्शियल में परिवर्तित

पुसौर तहसील के नेतनागर और भाठनपाली में 40 एकड़ डायवर्टेड जमीन में लगे धान खपाने से पहले अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच गई। इससे अवैध तरीके से धान बिक्री करने वाले के मंसूबे पर पानी फिर गया। इस खेत में धान लगा था और कुछ धान की कटाई भी हो गई थी। करीब 500 क्विंटल धान भी मौके पर डंप था। अधिकारियों की टीम ने उसे जब्त कर लिया है। प्रकरण दर्ज कर अधिकारियों को सौंप दिया है। यह कमर्शियल जमीन कोलकाता के किसी गीतांजली प्रायवेट लिमिटेड के नाम पर दर्ज है । संयोग से इसकी जानकारी पुसौर के फूड इंस्पेक्टर को मिल गई तो इसक खुलासा हो गया, नहीं तो लाखों का अवैध धान खप जाता।

रायगढ़ जिले मे अवैध तरीके से धान बिक्री करने का खेल सालों से चल रहा है। इसे रोकने की लाख कोशिश की जाती है, लेकिन सफलता नहीं मिलती। इसकी बानगी बीते महीने भर के भीतर प्रशासिनक अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई 3266 क्विंटल करीब एक करोड़ की धान से देखी जा सकती है। ऐसे ही एक ताजा मामला पुसौर ब्लॉक के नेतनागर गांव में सोमवार को सामने आया है। यहां कृषि भूमि को कमर्शियल प्रयोजन के लिए परिवर्तित की गई जमीन में लगे धान खपाने की तैयारी हो गई थी । गनीमत रही कि पुसौर के फूड इंस्पेक्टर चूड़ामणि सिदार को इसकी सूचना मिल गई और राजस्व अधिकारियों की टीम के साथ वहां छापेमारी की गई। मौके पर खेत में धान लगी भी थी और मिंझाई के बाद करीब 500 क्विंटल धान मौके पर डंप भी था। अधिकारियों की टीम ने धान जब्त कर लिया है।



### राजस्व अधिकारियों की रही आंखे बंद

यह जमीन पुसौर तहसील क्षेत्र में आता है। यदि डायवर्सन हुई है तो पुसौर तहसील में ही हुई है। ऐसे में पुसौर राजस्व विभाग को इसकी जानकारी होनी चाहिए थी। जबकि दो साल पहले इस कृषि भूमि को कमर्शियल में परिवर्तित की गई थी। खास बात यह है कि अभी तक उस जमीन पर कोई निर्माण नहीं हुआ है बल्कि खेत ही है, जिसमें अभी धान लगी है। इसके पहले भी इस जमीन पर धान लग रही थी और दूसरे के पट्टे में धान खपाया जा रहा था। सोमवार को इसकी सूचना वहां के फूड इंस्पेक्टर सीएम सिदार को उसके सूत्रों ने दी। इसके बाद वहां दबिश दी गई।

### अधिकारियों ने जैसे बताया

ग्राम नेतनागर एवं भाठनपाली में स्थित लगभग 40 एकड़ व्यावसायिक प्रयोजन के लिए परिवर्तित भूमि में धान लगाकर धान उपार्जन केंद्र में अन्य व्यक्ति के पट्टा में विक्रय करने की तैयारी थी। जिसकी भनक जिला प्रशासन को लगी। जिला प्रशासन के निर्देश पर मुखबिर की सूचना के आधार पर 24 नवंबर को तहसीलदार अनुराधा पटेल, नायब तहसीलदार पंकज मिश्रा एवं खाद्य निरीक्षक चूड़ामणि सिदार द्वारा दबिश दी गई। मौके पर मंगल साव निवासी ग्राम नेतनागर द्वारा उक्त भूमि में लगभग 500 क्विंटल धान काटकर रखा था जो कि परिवर्तित भूमि में उगाया जाना पाया गया। उक्त धान को किसी अन्य के पट्टे पर खपाए जाता इसके पहले जांच दल द्वारा धान जब्त कर प्रकरण उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया। भूमि कोलकाता के किसी गीतांजली प्रायवेट लिमिटेड के नाम पर दर्ज है।

### जब्त किया गया धान

सूचना मिली तो मौके पर जांच के लिए पहुंचे थे। जो भी धान था उसका पंचनामा बनाकर जब्त किया गया है। जिला कार्यालय प्रकरण भेजा गया है। जमीन किसके नाम पर है इसका रिकार्ड देखना पड़ेगा। मौके पर मंगल साव नेतनागर निवासी द्वारा धान काट कर रखा गया था।

**अनुराधा पटेल**, तहसीलदार पुसौर

## सुपर 30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार ने दिया रायगढ़ में युवाओं को सफलता का मंत्र

# युवा सपने देखें, तभी मिलेगी हौसलों की उड़ानः आनंद कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





युवाओं के उज्ज्वल भविष्य और सुनियोजित कैरियर निर्माण के लिए प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के विशेष पहल पर आज रायगढ़ के रामलीला मैदान में भव्य और प्रेरणादायी कैरियर मार्गदर्शन आयोजन किया गया। इस दौरान सुपर 30 के संस्थापक पद्मश्री आनंद कुमार विद्यार्थियों को बेहतर कैरियर निर्माण के लिए टिप्स दिए।

आनंद कुमार ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यहां मेरे आने से आप लोगों को जितनी खुशी हो रही है, उससे ज्यादा खुशी मुझे हो रही है। उन्होंने युवाओं को उनके बेहतर कैरियर के लिए ईमानदारी के साथ कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास को बनाए रखने के टिप्स भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि युवा जब सपने देखेंगेए तभी उनके हौसलों को उड़ान जरूर मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी और सुपर 30 के संस्थापक पदम्श्री आनंद कुमार ने अपने कैरियर निर्माण के दौरान आए संघर्ष और उतार.चढ़ाव चुनौतियों को भी साझा किया और युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जो व्यक्ति कठिन परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखता है, उसको सफलता अवश्य मिलती है। बच्चो को प्रोत्साहित करते हुए पद्मश्री आनंद कुमार ने प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के जीवन से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण पलों को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री श्री चौधरी जो सपना देखते हैंए उसे मेहनत के बल पर धरातल पर भी उतारते हैं। उन्होंने सपना देखा था आईएएस बनने का और अपने मेहनत के बल पर आईएएस भी बने। उन्होंने बच्चों एवं युवाओं से कहा कि भले ही आज का दिन आपका ना हो, जीवन संघर्ष भरा होए आपके पास सुख.सुविधाएं न हो लेकिन आप जितनी शांति और उत्सुकता के साथ में बैठे हुए हैं और सुन रहे हैं साथ ही मेहनत कर रहे हैं निश्चित तौर पर आने वाला समय आपका होगा। पद्मश्री आनंद कुमार ने अपने संघर्ष जीवन को भी साझा किया और बताया कि पिता के देहांत के बाद मैंने पापड़ बेचना शुरू किया। कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में चयन होने के बाद भी खराब आर्थिक स्थिति के कारण वे वहाँ नहीं जा सके, पर संघर्ष ने उन्हें और मजबूत बनाया। उन्होंने फिल्म सुपर 30 में एक किरदार अभिषेक राज के बारे में बताते हुए कहा कि उसके माता.पिता कम पढ़े लिखे थेए फिर भी कहते थे आधा पेट खायेंगेए लेकिन बच्चे को पढ़ाएंगेए क्योंकि पढ़ाई में वो ताकत हैए जो जिंदगी बदल देती है। यह बात हर माता पिता को समझना होगा। वह बच्चा पूरे दिन मेहनत करता था और रात में होटल के बाहर पढ़ाई करता था। अभिषेक को देखकर मैने घर के बाकी सदस्य से बात किया और उसे घर लाया और ऐसे 29 निर्धन जरूरतमंद बच्चो को ढूंढ कर सुपर.30 की शुरुआत की। अभिषेक ने 2 साल संघर्ष और मेहनत के पश्चात केवल एक अटेम्प्ट में आईआईटी खडगपुर पहुंचा और विभिन्न देशों में नौकरी के पश्चात आज अमेरिका में कार्य कर रहा है। इसी प्रकार शशि नारायण ने ठान लिया था कि सुविधा कम है, तो क्या हुआ संघर्ष और मेहनत करेंगे।



## धनुष ने कहा, जख्मी आशिक जैसा है उसका चेहरा

**मुंबई।** साउथ के सुपरस्टार एक्टर धनुष और बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सैनन स्टारर फिल्म सिनेमाघरों में 28 नवंबर 2025 रिलीज होने जा रही है। फिल्म की स्टार कास्ट अभी इसके प्रमोशन में बिजी हैं और धनुष ने अपने चेहरे और अपीयरेंस को लेकर बात की। आनंद एल. राय के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में अपने किरदार 'शंकर' के बारे में बात करते हुए धनुष ने कहा कि उनका चेहरा किसी घायल आशिक जैसा दिखाई पड़ता है। धनुष ने बातचीत में कहा कि एक बार आनंद एल राय और कृति सैनन ने उन्हें बताया था कि उनका चेहरा एक जख्मी आशिक का चेहरा है। एक्टर ने कहा कि उन्होंने आनंद और कृति की इस बात को एक तारीफ के तौर पर लिया था।

लाइफ Style

# साई



## मेजर मुकुंद की सच्ची कहानी पर बनी है अमरन

फिल्म 'अमरन' असल में मेजर मुकुंद वर्मा की सच्ची कहानी पर बनी है, जो शिवकार्तिकियन ने निभाया है और साई पल्लवी उनकी पत्नी सिंधु के किरदार में हैं। फिल्म उस बहादुर सैनिक की जिंदगी और बलिदान की कहानी दिखाती है। इस फिल्म में दर्शकों को दोनों कलाकारों का अभिनय बेहद पसंद आया।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'रामायणः पार्ट 1' को दिवाली 2026 पर रिलीज करने की योजना है, जबकि 'पार्ट 2' दिवाली 2027 में सिनेमाघरों में आएगी। इस फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम, साई पल्लवी माता सीता, यश रावण, सनी देओल हनुमान और रवि दुबे लक्ष्मण की भूमिका में नजर आएंगे। गोवा में चल रहे 56वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान अनुपम की मुलाकात साउथ अभिनेत्री साई पल्लवी से हुई। इस पल की एक खास तस्वीर अनुपम ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही उन्होंने 'रामायण' एक्ट्रेस की जमकर तारीफ भी की। अनुपम खेर ने साई पल्लवी के साथ हुई इस खास मुलाकात की एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर की। इस मुलाकात के दौरान अनुपम को साई बहुत सच्ची, प्यारी, स्वाभाविक और विनम्र लगीं। इस तस्वीर के साथ अनुपम ने कैप्शन में लिखा, 'खूबसूरत एक्ट्रेस साई पलल्वी से खास मुलाकात। उनसे मिलकर बहुत खुशी हुई। थोड़ी देर की बातचीत में वो बिल्कुल सच्ची, प्यारी और सहज लगीं। वो कमाल की अभिनेत्री हैं। उनके आने वाले सभी प्रोजेक्ट्स के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं। जय हो।'

### हॉलीवुड मसाला



## टी- शर्ट पर नजर आया महादेव का चेहरा

**मुंबई।** इन दिनों कई विदेशी सिंगर, रैपर भारत में म्यूजिक कॉन्सर्ट के लिए आ रहे हैं। शनिवार रात ब्रिटिश रैपर सेंट्रल सी ने मुंबई में परफॉर्म किया। इस मौके पर उनकी टी-शर्ट ने इंडियन फैंस का दिल जीत लिया। इसमें वह स्टेज पर गाना गा रहे हैं। उन्होंने जो टी-शर्ट पहनी है, उस पर भगवान शिव की तस्वीर बनी हैं। रैपर का लुक इस टी-शर्ट की वजह से काफी यूनीक लग रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स रैपर सेंट्रल सी की तारीफ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ब्रिटिश रैपर की वायरल वीडियो को एप्रीशिएट किया है।



## आज भी अधूरी है ये 8 साल पुरानी क्राइम-थ्रिलर सीरीज

**लॉस एंजिल्स।** आज हम आपको एक ऐसी ही सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसको आए पूरे 8 साल हो चुके हैं, लेकिन आज भी उसको देखने वाले लोग उसके क्लाइमैक्स का इंतजार कर रहे हैं। इस सीरीज ने लोगों को ऐसा असर डाला था कि आज भी लोग इसको भूल नहीं पाए और इसी बीच से ये आज भी ओटीटी पर ट्रेंड करती रहती है। ये एक जबरदस्क क्राइम-थ्रिसर सीरीज है, जिसको जो पेनहॉल ने डायरेक्ट किया था और डेविड फिंचर समेत कई दमदार डायरेक्टर्स ने इसे अपनी स्टाइल दी है। साथ ही सीरीजी में कई दमदार कलाकार नजर आए थे। इस सीरीज का नाम है 'माइंडहंटर'जो 2017 को ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और खूब पसंद की गई थी। इस शो की असली जान जोनाथन ग्रॉफ, होल्ट मैककैलनी और अन्ना टोरव की जबरदस्त परफॉर्मेंस थी।



## नोरा-माधुरी के डांस ने लूटी महफिल

**मुंबई।** हाल ही में एक शादी काफी चर्चा में है। उदयपुर में यूएस बेस्ड अरबपति की बेटी की शादी हो रही है। इस शादी में परफॉर्म करने के लिए हॉलीवुड सिंगर जेनिफर लोपेज तक आईं। साथ ही रणवीर सिंह, कीर्ति सेनन के अलावा कई सेलेब्स ने परफॉर्मेंस दी। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा नोरा फतेही के डांस की रही। शादी से जुड़े एक इवेंट में शनिवार रात नोरा ने जबरदस्त डांस किया। माधुरी दीक्षित ने भी स्टेज पर अपनी डांसिंग स्किल्स दिखाईं। नोरा फतेही ने शादी में कई गानों पर डांस परफॉर्म किया। साथ ही शादी में शामिल हुए मेहमानों को भी अपनी डांस परफॉर्मेंस का हिस्सा बनाया। नोरा का डांस ही नहीं लुक भी काफी चर्चा में रहा। माधुरी दीक्षित बहुत ही एलीगेंट गेटअप में नजर आईं। उन्होंने अपने हिट गानों पर शादी में डांस परफॉर्मेंस दी।



## एक्शन मोड में सामने आया धांसू लुक

**मुंबई।** नागा चैतन्य और कार्तिक दंडु की आगामी फिल्म एनसी 24 एक पौराणिक थ्रिलर है। फिल्म 'वाराणसी' के स्टार महेश बाबू ने चै अक्किनेनी यानी नागा चैतन्य के जन्मदिन के मौके पर एनसी24 फिल्म का शीर्षक और फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म का आधिकारिक शीर्षक 'वृषकर्मा' है। इसके पहले पोस्टर में नागा चैतन्य एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट अभी सामने नहीं आई है। लेकिन, फिल्म से नागा का पहला लुक फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म 'एनसी24' का पहला पोस्टर और टाइटल रिवील किया है। हाल ही में एनसी 24 के फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर और टाइटल रिवील करने की घोषणा की थी। निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'धमाका करने के लिए तैयार हो जाइए।

### टीवी मसाला



## शो खत्म होने के बाद इस कंटेस्टेंट को इग्नोर कर सकते हैं सलमान

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 के वीकेंड के वार पर सलमान खान ने अमाल मलिक और शाहबाज की जबरदस्त फटकार लगाई। अमाल को रोहित शेट्टी के साथ बदतमीजी करने और शो को बायस्ड बोलने के लिए डांटा गया। इस बीच सलमान ने ये भी इशारा कर दिया कि शो के बाद वो शायद अमाल को इग्नोर कर देंगे। दरअसल, सलमान पिछले कई वीकेंड के वार पर अमाल को समझाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने म्यूजिक कंपोजर को कई चेतावनी भी दी। अब उन्होंने अमाल को इग्नोर करने की बात कही है। दरअसल, सलमान ने घरवालों को एक टास्क दिया जिसमें उन्हें एक ऐसे कंटेस्टेंट का नाम बताना था जो उनके मुताबिक लूजर है। ज्यादातर घरवालों के मुताबिक वो कंटेस्टेंट शाहबाज है। वहीं सिर्फ प्रणित मोरे ने अमाल का नाम लिया। इस पर प्रणित ने कहा, "कितनी बार वो वीकेंड से पहले भी आकर बोलता है कि सलमान सर मेरी और शहबाज़ की क्लास लेंगे। और वो इतनी बार बोलता है, जैसे उसे इस बात पर गर्व है। मुझे ऐसा लगता है। अगर वो यहां होकर भी ऐसा कह रहा है, तो मुझे लगता है कि बाहर भी वो कहीं न कहीं इसे स्वीकार नहीं करेगा।" प्रणित की बात सुनते ही सलमान खान ने अपने ही अंदाज में ऐसा जवाब दिया जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान ने कहा, जितनी क्लास यहां पर ली है वो काफी ली है, लेकिन क्लास तो ये जब घर से बाहर निकलेगा तब ली जाएगी।

## विवियन ने पहेल एपिसोड में ही जीता स्टार

**नई दिल्ली।** कलर्स चैनल के रियलिटी शो लाफ्टर शेफ्स के तीसरे सीजन का पहला एपिसोड आ चुका है। पहले दो सीजन की तरह ही इस सीजन के पहले एपिसोड में ही कंटेस्टेंट्स ने हंसी-मजाक के साथ खाना बनाते नजर आए। पहले एपिसोड में कंटेस्टेंट्स को पहले टास्क में पनीर जलेबा बनाने को मिला। हरपाल सिंह ने विवियन और ईशा सिंह को पनीर जलेबा के लिए स्टार दिया। वहीं, दूसरे टास्क में कंटेस्टेंट्स को पंजाबी समोसा बनाने को मिले। इस टास्क के दौरान गुरमीत ने करीब 17 साल बाद समोसा खाया। गुरमीत ने अपने और अपनी पत्नी का बनाया समोसा ही चखा। दूसरे टास्क में कृष्णा और कश्मीरा को स्टार मिला। इस सीजन में पहले सीजन्स के मुकाबले काफी चीजें अलग होने वाली हैं। पहले दो सीजन में कंटेस्टेंट्स अपनी जोड़ी के साथ स्टार जीतने की कोशिश करते नजर आए थे, लेकिन इस सीजन में जोड़ियों को दो टीम में बांटा गया है।



## स्पिरिट की मुहूर्त में साथ दिखे संदीप-तृप्ति और चिरंजीवी

**मुंबई।** साउथ स्टार प्रभास इन दिनों हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द राजा साब' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। प्रभास, संदीप रेड्डी वांगा और भूषण कुमार की आगामी फिल्म 'स्पिरिट' की शूटिंग का पहला शेड्यूल रविवार से शुरू हो चुका है। फिल्म के मुहूर्त समारोह की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर सामने आई हैं। मुहूर्त पूजा में 'स्पिरिट' की मुख्य टीम मौजूद दिखी। जिसमें चिरंजीवी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस फिल्म का निर्देशन संदीप रेड्डी वांगा कर रहे हैं। फिल्म की मुख्य कलाकार तृप्ति डिमरी भी मुहूर्त पूजा में शामिल हुईं। हालांकि, मुहूर्त पूजा की इन तस्वीरों में प्रभास नजर नहीं आए। 'स्पिरिट' में प्रभास के अलावा तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। इस फिल्म में प्रभास और तृप्ति के अलावा विवेक ओबेरॉय और प्रकाश राज भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। प्रभास के फैंस 'स्पिरिट' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। प्रभास



'द राजा साब' में नजर आएंगे। इसके अलावा प्रभास 'स्पिरिट', 'कल्कि 2898 एडी 2' और 'सालार 2' जैसी कई फिल्में नजर आएंगे। इसके अलावा वह इन दिनों नई फिल्म 'फौजी' पर भी काम कर रहे हैं। जिसका निर्देशक हनु राघवपुडी कर रहे हैं।

## रेखा और मौसमी के बीच हुआ था फिल्म क्रेडिट को लेकर विवाद...

**मुंबई।** 1980 के दशक में रेखा और मौसमी चटर्जी छाई हुई थीं। दोनों उस समय की टॉप एक्ट्रेसेज मानी जाती थीं। ऐसे में मेकर्स दो हीरोइन और एक हीरो को लेकर कई फिल्में बना रहे थे। इसमें से एक फिल्म थी मांग भरो सजना। 1980 में आई इस फिल्म में मौसमी और रेखा ने साथ काम किया था। फिल्म के हीरो थे जितेंद्र। फिल्म में रेखा ने तुलसी का किरदार निभाया था और मौसमी थीं शांति। एक लव ट्रायंगल था जिसमें जितेंद्र दोनों से प्यार करते हैं। बॉक्स ऑफिस पर हिट रही इस फिल्म के पीछे की कहानी कम ही लोग जानते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक फिल्म के दौरान क्रेडिट को लेकर रेखा और मौसमी में विवाद हो गया था।



### रेखा के खिलाफ मौसमी

दरअसल, फिल्म शुरू होने के दौरान स्क्रीन पर सभी कलाकारों के नाम आते हैं। उस क्रेडिट में रेखा का नाम मौसमी के नाम से पहले था। ये बात मौसमी को पसंद नहीं आई। उन्होंने मेकर्स के सामने विवाद किया कि उनका नाम रेखा से ऊपर और पहले आना चाहिए। लेकिन, मेकर्स जानते थे कि उस समय रेखा ज्यादा पॉपुलर और फिल्म का मुख्य चेहरा हैं। ऐसे में क्रेडिट में उनका नाम पहले ही आना चाहिए। उन्होंने मौसमी की एक बात नहीं सुनी। और रेखा का नाम ही ऊपर रखा।

**राखी ने भी कही कड़वी बातें :** ऐसी रिपोर्ट्स हैं कि मौसमी इस बात से इतना नाराज हुई थीं कि उन्होंने रेखा के खिलाफ मीडिया में इंटरव्यू दिया था। हालांकि, इसके बाद भी दोनों एक्ट्रेस ने कई फिल्मों में साथ काम किया था। वैसे मौसमी ही नहीं बल्कि एक्ट्रेस राखी गुलजार भी रेखा और उनके फैशन को ट्रोल कर चुकी हैं। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में रेखा को चलता फिरता ज्वेलरी शॉप कह दिया था।

### कई विलेन नायकों पर भारी पड़े, दर्शकों ने इन्हें किया खूब पसंद

## खलनायक के रूप में नजर आए बॉलीवुड के ये बड़े स्टार्स

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के कई मशहूर अभिनेताओं ने फिल्मों में विलेन का किरदार निभाया है। अपकमिंग फिल्म 'धुरंधर' में अर्जुन रामपाल खलनायक के किरदार में नजर आने वाले हैं। इससे पहले भी कई अभिनेताओं ने फिल्मों में पारंपरिक खलनायक से अलग लुक रखा और अभिनय किया। दर्शकों ने इन्हें खूब पसंद किया। कई विलेन ऐसे रहे जो नायकों पर भारी पड़े और उनकी वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चली।*

### अर्जुन कपूर- डेंजर लंका

फिल्म 'सिंघम अगेन' (2024) में अर्जुन कपूर ने डेंजर लंका का नेगेटिव किरदार निभाया है। उनका किरदार एक चालाक और तेज दिमाग वाला है। फिल्म में अजय देवगन, अक्षय कुमार, रणवीर सिंह और कई कलाकारों ने अभिनय किया लेकिन अर्जुन कपूर के किरदार को दर्शकों ने काफी पसंद किया।



### आर माधवन- वनराज



फिल्म 'शैतान' (2024) में आर माधवन ने वनराज कश्यप का नेगेटिव किरदार निभाया। यह फिल्म गुजराती फिल्म 'वश' पर आधारित थी। इसमें दिखाया गया है कि एक अजनबी एक लड़की को वश में करने के लिए काले जादू का इस्तेमाल करता है। इसमें आर माधवन के किरदार ने दर्शकों का ध्यान खींचा था।

### बॉबी देओल- अबरार अहमद

साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म 'एनिमल' को दर्शकों ने काफी पसंद किया। इसमें रणबीर कपूर के किरदार के अलावा बॉबी देओल के नेगेटिव किरदार अबरार अहमद को पसंद किया गया। फिल्म में उनके कम संवाद, चमकीली आंखें और शांत गुस्से ने दर्शकों को हैरान कर दिया था। विलेन के रूप में बॉबी देओल को दर्शकों ने पसंद किया।



### संजय दत्त- कांचा

साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'अग्निपथ' में संजय दत्त ने विलेन का किरदार निभाया। कानों में कुंडल और बिना बालों के संजय दत्त के लुक को काफी पसंद किया गया। फिल्म में वह ड्रग डीलर बने हैं। ऋतिक रोशन के अपोजिट संजय दत्त ने एक डरावना लेकिन आकर्षक अभिनय किया।



### रणवीर सिंह- अलाउद्दीन खिलजी

फिल्म 'पद्मावत' (2018) में रणवीर सिंह ने विलेन अलाउद्दीन खिलजी का किरदार निभाया। इस फिल्म में नायक से ज्यादा खलनायक को दमदार दिखाया गया। अलाउद्दीन खिलजी का किरदार बेरहम, जुनूनी और डरावना था। कह सकते हैं कि उनके अभिनय की वजह से फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही।



## मुख्य अतिथि विधायक गोमती साय ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

# जिला स्तरीय बैडमिंटन स्पर्धा का समापन, 140 खिलाड़ी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत कुनकुरी में चल रहे जिला स्तरीय ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि पत्थलगांव विधायक गोमती साय ने विभिन्न वर्गों के विजेताओं और उपविजेताओं को नकद पुरूस्कार, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट प्रदान किया।

■ 24 विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी और नकद राशि से किया गया पुरस्कृत

कलेक्टर रोहित व्यास और जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में 22 से 23 नवंबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में जिले के 140 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया । दर्शकों को कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। कांसाबेल के शाद अहमद ने अपने शानदार प्रदर्शन से दर्शकों को मोहित किया। समापन समारोह में विधायक गोमती साय ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जशपुर जिला हमेशा से ही न केवल खेलों में बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भी आगे रहा है । माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रयासों से जिले में बेहतर सुविधाओं के लिए अधोसंरचना का निर्माण कराया जा रहा है । इसी के अंतर्गत कुनकुरी में एकीकृत खेल परिसर का निर्माण होने वाला है । हमारे जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अब जिले के अंदर ही खेलों की बेहतर सुविधाए मिल सकेगी । राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खेल अब यहां भी होंगे । उन्होंने यह भी कहा कि हम सबको मिलकर जशपुर को यशस्वी जशपुर बनाना है । जिले के युवा खेलों में बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं ।

इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष एसडीएम विश्वास राव मस्के ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि जिले में खेलों के प्रोत्साहन के लिए इस तरह की प्रतियोगताएं आयोजित कराई जा रही है । आगामी 12-16 दिसंबर को जशपुर में स्टेट लेबल बैडमिंटन प्रतियोगिता भी आयोजित कराई जाएगी । जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन कृत संकल्पित है। युवाओं को लगातार इसी प्रकार विभिन्न खेलों की गतिविधियों आयोजित कर बच्चों को सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि बच्चों को खेल से जोड़ कर उनके मोबाइल के स्क्रीन टाइम को भी कम से कम करने का प्रयास किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी भरत सिंह, एसडीएम नंदजी पाण्डेय, एसडीओपी विनोद मंडावी, जिला बैडमिंटन संघ के सेक्रेटरी विनोद गुप्ता, कुनकुरी बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष विनीत जिंदल भी उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया । मंच संचालन व्याख्याता सुधीर सिन्हा ने किया। समापन समारोह में कुनकुरी बैडमिंटन संघ के सेक्रेटरी महेश त्रिपाठी,यशस्वी जशपुर के अवनीश पाण्डेय, क्रीडा अधिकारी प्रदीप चौरसिया, सुजीत सिंह, सज्जन रवानि, दिवाकर यादव, अमन चौरसिया, कुशाग्र गुप्ता सहित बड़ी संख्या अभिभावक व खिलाड़ी उपस्थित रहे ।

### ये रहे विजेता

अंडर-19 बालक एकल वर्ग में विजेता आदित्य गुप्ता, उपविजेता विनय राणा, युगल वर्ग में विजेता आलीशान सिद्धिकी-राहुल झा, उपविजेता अनश रजा -आदित्य पाण्डेय रहे । अंडर-19 बालिका एकल वर्ग में विजेता मोयी दास, उपविजेता रांझी बंसल रहीं। सीनियर पुरुष एकल वर्ग में विजेता अमन चौरसिया , उपविजेता शाद अहमद , युगल वर्ग में विजेता कर्तव्य - शाद अहमद , उपविजेता प्रमोद यादव- कुशाग्र गुप्ता , वेटरन एकल वर्ग में विजेता डॉ अशोक लकड़ा , उपविजेता राजकुमार सिंह भदोरिया, युगल वर्ग में राजेंद्र गुप्ता-अशोक लकड़ा, उपविजेता सुधीर सिंन्हा- विनीत जिंदल रहे। महिला युगल वर्ग में विजेता मोयी दास- प्रेशिला केरकेट्टा और उपविजेता संघमित्रा दास-देवयानी सिया रही। विजेता खिलाड़ियों को 11000 रुपए और उपविजेताओं को 5100 रुपए प्रदान किया गया।

## छात्रा ने की आत्महत्या, स्कूल का प्रिंसिपल गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ के जशपुर में शर्मनाक घटना सामने आई है। स्कूल के प्रिंसिपल के छेड़छाड़ व हरासमेंट से परेशान एक छात्रा ने खुदकुशी कर ली। मृतका छात्रा के पास मिले सुसाइड नोट के आधार पर प्रिंसिपल को गिरफ्तार कर उससे घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।



यह मामला जशपुर के बगीचा थाना क्षेत्र का है। निजी हायर सेकेंडरी स्कूल में कक्षा नवमीं की छात्रा पढ़ाई करती थी। नाबालिग छात्रा ने स्कूल की स्टडी रूम में आत्महत्या कर ली थी। छात्रा का शव मिलने के बाद स्कूल में हड़कंप मच गया। स्कूल के शिक्षकों ने तत्काल इसकी सूचना बगीचा पुलिस को दी। पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। छात्रा के शव के पास एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें प्रिंसिपल पर छोड़छाड़ व हरासमेंट करने का आरोप लिखा था।

पुलिस ने सुसाइड नोट के आधार पर स्कूल के प्रिंसिपल को पकड़ लिया है। प्रिंसिपल से घटना के संबंध में पूछाताछ की जा रही है। साथ ही पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है। वहीं, इस घटना के बाद स्कूल प्रबंधन पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मृतका छात्रा के परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले में आगे की जांच कार्रवाई कर रही है। आरोपी प्रिंसिपल का नाम कुलदीपन टोपनो है। बताया जाता है कि इस निजी स्कूल में बिना अनुमति के हॉस्टल भी खोल दिया गया है इसकी शिकायत होने पर अधिकारियों ने जांच की थी, लेकिन उस पर कार्रवाई नहीं की गई।

### होगी कड़ी कार्रवाई

आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-शशि मोहन,** एसएसपी

## खबर संक्षेप

### लायंस अस्पताल में लगा बीएमडी शिविर



**राउरकेला।** सिविल टाउन स्थित वेदव्यास लायंस आई एवं जनरल हॉस्पिटल, राउरकेला ने 24 नवंबर को निःशुल्क बीएमडी बोन मिनरल डेंसिटी शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 40 वर्ष से अधिक आयु के सौ से अधिक लोगों के हड्डियों की कमजोरी और संभावित फ्रैक्चर जोखिम की जांच की गई। ऑर्थो केयर इंडिकेमी के तकनीकी विशेषज्ञ रजनीश कुमार व लायंस अस्पताल के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ राज की देख रेख में यह शिविर सफल रहा। विशेषज्ञों ने बताया कि 40 वर्ष के बाद हड्डियों का घनत्व कम होना स्वाभाविक है, इसलिए समय पर बीएमडी जांच जरूरी है। प्रतिभागियों को हड्डियों की मजबूती बढ़ाने और अस्थि.क्षय से बचाव के उपाय भी समझाए गए।

### विभिन्न मांगों को लेकर ठेकेदार करेंगे 28-29 नवंबर को काम बंद



**राउरकेला।** राउरकेला स्टील प्लांट आरएसपी और राउरकेला कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन आरसीए के बीच सोमवार को हुई वार्ता बिना किसी समाधान के समाप्त हो गई। इससे नाराज ठेकेदारों ने अपनी पूर्व घोषित 48 घंटे की वर्क स्ट्राइक पर अडिग रहने का फैसला दोहराया है। हड़ताल 28 और 29 नवंबर को प्रस्तावित है, जिसके दौरान आरएसपी में कॉन्ट्रैक्ट वर्क पूरी तरह ठप रहने की आशंका है। आरसीए कार्यकारिणी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने आरएसपी परिसर स्थित ठेका मजदूर प्रकोष्ठ सीएलसी कार्यालय में विभागीय अधिकारी जीआर दास से मुलाकात की। सूत्रों के अनुसार, संवाद सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने की उम्मीद थी, लेकिन आरसी, द्वारा उठाई गई प्रमुख मांगों पर विभागीय अधिकारी किसी भी तरह का आश्वासन देने में असमर्थ रहे। इसी के चलते बैठक बेनतीजा रही। आरसीए सचिव बापी पाणीग्रही ने बताया कि एसोसिएशन अपनी मांगों को लेकर गंभीर है और शांतिपूर्ण तरीके से समाधान चाहती है, लेकिन प्रबंधन के ठोस रुख न लेने से ठेकेदारों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है।

### पंचायत भवन में मितानिनों का किया गया सम्मान

**कोसीर।** कोसीर के पंचायत भवन में सरपंच, उप सरपंच की उपस्थिति में मितानिन दिवस पर मितानिनों को सम्मानित किया गया। मितानिन दिवस 23 नवंबर को मनाया जाता है जो छत्तीसगढ़ की ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों को समर्पित है। ये महिलाएं गांव गांव जाकर स्वास्थ्य सेवाएं, टीकाकरण, प्रसव पूर्व देखभाल और पोषण संबंधी जानकारी देती हैं। मितानिनों के समर्पण, सेवा भाव और समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के उनके प्रयासों का सम्मान करना। विभिन्न जिलों में सम्मान समारोह आयोजित किए जाते हैं, जहां मितानिनों को साड़ी, श्रीफल, और प्रशस्ति पत्र' देकर सम्मानित किया जाता है। मितानिनों के प्रयासों से मातृ.शिशु मृत्यु दर में कमी आई है, और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ी है। सरकार भी उनके काम को सराहते हुए मानदेय प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराती है। ये मितानिन सचमुच गांव की देवताएं हैं। ग्राम पंचायत कोसीर मे मितानिन दिवस मनाया गया और कम्बल और श्रीफल से सम्मानित किया गया सरपंच सुमन रावए उप सरपंच लता बनज, पंच लालिमा पटेल, श्याम कुमार पटेल, संदीप बांज, विष्णु जांगड़े, अभिषेक पटेल,फूल कुमार विश्वकर्मा एलक्ष्मी पटेल उपस्थित रहे।

### मालगोदाम में टीम टाटा पावर की दबिश, अवैध कनेक्शनों पर की कार्रवाई

**राउरकेला।** माल गोदाम एफसीआई बस्ती क्षेत्र में टाटा पावर की टीम ने शुक्रवार को औचक निरीक्षण कर बिजली आपूर्ति व्यवस्था की व्यापक जांच की। अचानक हुई इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों में हलचल मच गई। टीम ने घर–घर जाकर कनेक्शनों, मीटर रीडिंग और लाइन लॉस के बिंदुओं की जांच की। निरीक्षण के दौरान कई अवैध बिजली कनेक्शन पाए गए, जिन्हें तत्काल हटाया गया तथा संबंधित उपभोक्ताओं को दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई। वहीं भारी बकाया वाले उपभोक्ताओं को जल्द भुगतान करने के निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम बिजली आपूर्ति में सुधार, लाइन लॉस कम करने और चोरी रोकने के अभियान का हिस्सा है, जिससे राजस्व वृद्धि और उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा सुनिश्चित की जा सकेगी।

## सेंट जेवियर्स की बालिकाओं ने ब्रास बैन्ड प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**पत्थलगांव।** समग्र शिक्षा रायपुर के अंतर्गत राज्य स्तरीय अन्तर विद्यालय ब्रास बैन्ड (म्यूजिक) प्रतियोगिता का आयोजन 21 नवम्बर को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, फाफाडीह में किया गया था। स्पर्धा में राज्य से 15 विद्यालय के छात्र, छात्राओं ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के उपप्राचार्य फादर सिलास टोप्पो ये.स., शिक्षिका सुनिता खलखो एवं नारायण बुरूवा की अगुवाई में सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव से भी बालिका ग्रुप शामिल हुआ था। इस प्रतियोगिता में बालिकाओं का यह ग्रुप राज्य स्तरीय अन्तर विद्यालय ब्रास बैन्ड (म्यूजिक) प्रतियोगिता में पहला स्थान प्राप्त किया और मेडल के साथ अपने स्कूल एवं जिला का नाम रोशन किया हैं।

## लुदानिया की स्मृति में परिजन ने मरीजों को बांटे कंबल



**पत्थलगांव।** स्वर्गीय राम कुमार लुदानिया की स्मृति में उनके परिजनों द्वारा सिविल अस्पताल पहुंचकर मरीजों को फल व कंबल का वितरण किया गया। रामकुमार लुदानिया के बड़े पुत्र राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने कहा कि आज हमारे पिता की 39 वीं बरसी पर हमारे द्वारा मरीजों को फल एवं कंबल वितरण किया जा रहा है इस तरह की सेवा के कार्य से हमें सुख की अनुभव अनुभूति होती है। डॉक्टर मिंज बीएमओ ने कहा कि हर वर्ष लुदानिया परिवार द्वारा अस्पताल पहुंचकर मरीज को फल एवं कपड़ों का वितरण किया जाता है। इस दौरान चरना अग्रवाल ,राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ,जगदीश जगदीश प्रसाद अग्रवाल ,श्याम लाल अग्रवाल, बजरंग अग्रवालरामलाल अग्रवाल, विजय तेल मिल ,मनोज अग्रवाल, बिट्टू ,प्रयागराज अग्रवाल , सुंदर अग्रवाल,बंटू मनीष पार्षद, मुकेश अग्रवाल के अलावा सिविल अस्पताल के बीएमओ डॉक्टर मिंजसहित सहित स्टाफ मौजूद रहे।

## अपर कलेक्टर ने ली खाद्य एवं सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक



**जशपुरनगर।** अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू ने खाद्य एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने सभी खाद्य निरीक्षकों को निर्धारित समय-सीमा में खाद्यान्न भंडारण सुनिश्चित करने तथा संबंधित राशि का समय पर जमा कराने के निर्देश दिए। साथ ही धान उपार्जन प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने के लिए पीडीएस दुकानों से बारदाना संग्रहण करने के भी निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि संदिग्ध राशन कार्डों पर कड़ी और प्रभावी कार्यवाही की जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को ही योजनाओं का लाभ मिल सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने उज्वला योजना के आवेदन उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्राप्त कर उन्हें संबंधित गैस एजेंसियों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

धान उपार्जन अवधि को देखते हुए उन्होंने सहकारिता विभाग के अधिकारियों को सभी उपार्जन केंद्रों का सतत निरीक्षण एवं निगरानी रखने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा में और गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाना अनिवार्य है। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी आशीष कुमार चतुर्वेदी, सहकारिता विभाग के अधिकारी, खाद्य निरीक्षक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जिपं सीईओ ने बीएलओ से कराया गणना पत्र सत्यापन



**जशपुरनगर।** विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर अभियान के तहत सोमवार को जिला पंचायत सीईओ भिषेक कुमार को बूथ लेवल अधिकारी द्वारा उनके शासकीय आवास पहुंच कर उन्हें गणना प्रपत्र सौंपा गया। तत्पश्चात मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जशपुर ने गणना पत्र भरकर बीएलओ एप से सत्यापन कराया। उन्होंने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि मतदाता सूची में अपने नाम का सत्यापन अवश्य कराएं। उल्लेखनीय है कि जिले में बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं से एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र सौंप कर सत्यापन का कार्य निरंतर किया जा रहा है। यह कार्य 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 25 तक किया जाएगा ।

## नपं अध्यक्ष को प्रताड़ति करने का आरोप, जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश




**बिलाईगढ़।** नगर पंचायत बिलाईगढ़ इन दिनों गंभीर प्रशासनिक संकट से जूझ रहा है। सीएमओ सुशील चौधरी पर नगर पंचायत के निर्दलीय अध्यक्ष दामोदर प्रसाद दुबे को प्रताड़ति करने, उनके अधिकारों की अनदेखी करने, और विकास कार्यों को जानबूझकर रोकने का आरोप लगे हैं। स्थिति इतनी भयावह हो चुकी है कि पार्षदों और जनप्रतिनिधियों के बीच भारी आक्रोश है। बिलाईगढ़ नगर पंचायत के अध्यक्ष दामोदर दुबे ने बताया कि बिलाईगढ़ सीएमओ श्री चौधरी अपनी मनमानी कर रहे है। नगर पंचायत में नये प्लेसमेंट एजेंसी के टेंडर के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा बोला गया, लेकिन सीएमओ ने बीते दो-तीन सालों से उन्ही प्लेसमेंट एजेंसी से काम लिया जा रहा है,जिनकी कई तरह की गड़बड़ियों की शिकायत है। शिकायतों के अनुसार सीएमओ का जब से नगर पंचायत बिलाईगढ़ में पदस्थापना हुई है तब से कार्यालय में नियमित मौजूद नहीं रहते। कार्यालय का संपूर्ण फाइलें एवं दस्तावेज अपने निवास पर ले गए है और वहीं से कार्यों का संचालन करते हैं। महत्वपूर्ण दस्तावेजों को जानबूझकर रोक देते हैं। इससे नगर पंचायत के कार्य पूरी तरह ठप पड़ गए हैं। अध्यक्ष का कहना है कि सीएमओ का व्यवहार खुलेआम जनप्रतिनिधि विरोधी और मनमाना है। दूसरी ओर बिलाईगढ़ नपं निर्दलीय अध्यक्ष दामोदर दुबे का आरोप है कि, सीएमओ सुशील कुमार चौधरी बैठक नहीं बुला रहे, फाइलें नहीं दे रहे, कामकाज रोक रहे हैं और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी कर रहे हैं।

## स्टेशन पार्किंग के खिलाफ भाजपा का गुस्सा, दी गई सुधार की चेतावनी



**राउरकेला।** राउरकेला रेलवे स्टेशन परिसर में रविवार को पार्किंग की अव्यवस्था को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का गुस्सा फूटा। दोपहर करीब एक बजे राज्य के खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता कल्याण तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र के स्टेशन पहुंचने से पहले भाजपा नेताओं ने पार्किंग संचालकों से पार्टी कार्यकर्ताओं के आवागमन को सुगम बनाने का आग्रह किया था। इसके बावजूद पार्किंग कर्मियों ने कथित रूप से सभी मार्ग अवरुद्ध कर रखेए जिससे स्वागत के लिए आए कार्यकर्ताओं को स्टेशन पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि मुश्किलों के बीच सभी कार्यकर्ता किसी तरह स्टेशन तक पहुंचे और मंत्री का स्वागत किया। मंत्री के स्टेशन से प्रस्थान करने के बाद स्थिति गर्मा गई। पार्किंग कर्मियों पर मनमानी व अवैध वसूली के आरोप लगाते हुए भाजपा नेताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हंगामे के दौरान कार्यकर्ताओं ने अवरुद्ध किए गए मार्ग भी खुलवाए। पार्किंग कर्मचारियों के प्रति भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश देखने को मिला। भाजपा नेताओं ने पार्किंग व्यवस्था में व्याप्त अव्यवस्था और मनमानी पर कड़ा क्षोभ जताया। इन्होने स्टेशन परिसर को अनावश्यक रूप से ब्लॉक न करने और सिर्फ वैध पार्किंग शुल्क लेने की नसीहत दी।

## एनसीसी का स्थापना दिवस पर देशभक्ति के रंग में रंगा



**राजगांगपुर।** सरबती देवी महिला कॉलेज में एनसीसी का 77वां स्थापना दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद प्रदीप पंडा की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई, जिसके बाद रंगारंग प्रस्तुतियों ने वातावरण को जीवंत बना दिया। सुबह से ही कॉलेज परिसर में छात्र छात्राओं और कैडेट्स का उत्साह देखते ही बनता था। 500 से अधिक एनसीसी कैडेट्स ने अनुशासन, एकता और देशभक्ति का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर उपस्थित जनसमूह को आकर्षित किया। मुख्य अतिथि नवदुर्गा ग्रुप की चेयरमैन एवं समाजसेविका विनीता गाड़ोदिया ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर एसडीपीओ विभूति भूषण भोई, थाना प्रभारी विजय दास, प्राचार्य सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कैडेट्स ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में श्रीमती गाड़ोदिया ने एनसीसी को युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व और राष्ट्रभावना विकसित करने वाला सशक्त मंच बताया तथा कैडेट्स को निरंतर उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रेरित किया। देशभक्ति गीत, समूहगान और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। एनसीसी यूनिट, कॉलेज परिवार और नागरिकों के सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसने कैडेट्स में देशभक्ति और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को और मजबूत किया।

## छात्र-छात्राओं ने किया प्राणायाम का अभ्यास

**अंबिकापुर।** पतंजलि योग समिति द्वारा शासकीय उमावि कल्याणपुर में शनिवार को सुबह 9 से 10 बजे तक छात्र-छात्राओं को योगासनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को यौगिग जागिंग, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपाल भांथी, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी उदगीत, प्रणव प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा इससे होने वाले लाभों के संबंध बताया गया।

# हरियाणा का गिरोह हथियार के बल पर कर रहा कब्जा दिलाने का काम

**अम्बिकापुर।** सरगुजा में अब हरियाणा के गुंडे और लठैत जमीन कब्जा खाली कराने का कारोबार कर रहे है। हरियाणा के लठैत हथियारों के बल पर लोगों को जान से मारने की धमकी देने के साथ ही मारपीट कर रहे है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। एक बार फिर से हरियाणा के लठैतों का एक ऐसा ही मामला सामने आया है।

आरोपियों ने कोतवाली क्षेत्र के कांतिप्रकाशपुर में जमीन खाली कराने के नाम पर जमकर उत्पात मचाया और मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है इसके साथ ही आरोपियों के पास से लोहे का चापर, डंडा, स्टील का रॉड बरामद किया गया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोमीनपुरा निवासी सद्दाम खान के पास 22 नवंबर को साहिल फोन कर बताया कि कांतिप्रकाशपुर लुचकी घाट के पास पटवारी आराई की मौजूदगी में जमीन की नपाई चल रही है और विवाद हो रहा है। सूचना मिलने के बाद सद्दाम खान व साहिल जब मौके पर पहुंचे तो मोहम्मद साहिल, अताउल व अन्य लोगों का दूसरे पक्ष के फैजान, सरोज अहमद, नुमान एवं अन्य लोगों से जमीन को लेकर झगडा चल रहा था। इस दौरान फैजान, सरोज अहमद, नुमान व अन्य लोग जमीन अपना होने का दावा करते हुए विवाद कर रहे थे। इसी दौरान फैजान अंसारी ने हरियाणा के कुछ लोगों को फोन कर मौके पर बुलाया। कुछ ही देर में बलेनो कार क्रमांक टी 1125 एचआर 5651 डीबी से कुछ लोग धारदार हथियार, डंडा, रॉड लेकर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए दुबारा उक्त जमीन पर आने पर जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफन करने की धमकी दी। झगड़े के दौरान शाहिद का मोबाइल फोन कहीं गिर गया जबकि उर्स उस्मान के मोबाइल को आरोपियों ने पटककर तोड़ दिया। विवाद बढ़ने पर भीड़ एकत्रित हुई और उन्होंने आरोपियों की पकड़कर पिटाई कर दी ऐसे में किसी अन्य व्यक्ति की मदद से कार में बैठकर भाग निकले। ऐसे में सद्दाम खान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू की गई।

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग)**

**ईश्तहार**

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक आवेदक बद्रिनाथ चौहान आ. मनबोध चौहान, उम्र–25 वर्ष, जाति–गाड़ा, निवासी–ग्राम व पोस्ट औरदा, तहसील व थाना–पुसौर, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) एवं आवेदिका पूजा साव आ. अशोक कुमार साव, उम्र 22 वर्ष, जाति–तेली, निवासी–ग्राम व पोस्ट औरदा, तहसील व धाना–पुसौर, जिला–रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर आशयित विवाह की सूचना दी गई है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 22.12.2025 को 03.00 बजे मेरे न्यायालय में होगी।

उभयपक्ष के विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति उजर करना हो तो वे निर्धारित तिथि एवं समय के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/उजर पर सुनवाई नहीं की जायेगी।

आज दिनांक 18–11–2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा के अधीन जारी किया गया।

**अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, रायगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार घरघोड़ा जिला - रायगढ़ (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्र. / 202511040600047/ ब–121/2024–25 ग्राम बरौनाकुण्डा तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक उपेन्द्र राठिया पिता उत्तरा राठिया जाति कंवर निवासी ग्राम बरौनाकुण्डा तह.घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र मय शपथ पत्र, पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, चालान, अंकसूची की प्रति प्रस्तुत कर अपनी माता बालमती राठिया पति उत्तरा राठिया की मृत्यु दिनांक 27.01.1999 को ग्राम बरौनाकुण्डा में होने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 27.11.2025 को नियत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो वे स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20.11.2025 को हस्ताक्षरित एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार, घरघोड़ा, जिला रायगढ़ (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र./202509041000013/अ–21/2024–25
साकिन–नावापारा प.ह.न. 22

**-: ईश्तहार:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि दिनेश कुमार सोनवानी पिता दयाराम सोनवानी निवासी ग्राम नावापारा तहसील घरघोड़ा जिला रायगढ़ (छ0ग0) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम नावापारा प0ह0 नंबर 22 तहसील घरघोड़ा स्थित उसके भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 212/20 रकबा 0.018 हे0 परिवर्तित भूमि है। आवेदक को रकम की आवश्यकता होने से उक्त भूमि को क्रेता आकाश गुप्ता पिता श्री प्रदीप गुप्ता निवासी नावापारा को विक्रय की अनुमति दिये जाने का निवेदन किया गया है। जो इस न्यायालय को जांच एवं प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है।

प्रस्तुत आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 23/12/2025 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध मे जिसे किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 03.12.2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया ।

**तहसीलदार**
**घरघोड़ा**

**न्यायालय तहसीलदार, तमनार जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
राजस्व प्रकरण क्रमांक /202509040800088/ अ–6/2024–25
साकिन–कोड़केल प.ह.नं.–18

1. रतिराम पिता जागीराम
2. पतिराम पिता जोगीराम
जाति गांड़ा निवासी ग्राम कोड़केल – **आवेदक**
तहसील तमनार जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

**बनाम**

1. मेहत्तर पिता रामप्रसाद 2. हरिराम पिता रामप्रसाद 3. सोनामति पति कोयटाराम 4. अमृतलाल पिता रूपराम 5. रामसिंह पिता तेजराम 6. विद्यावती पति हरिहर प्रसाद 7. मिथिला पति रामपाल 8. खेलकुंवर पति जगदीश जाति अघरिया, निवासी कमांक (01) ग्राम भालूमुड़ा, क्रमांक 02 से 08 ग्राम उरबा, तहसील तमनार जिला–रायगढ़ (छ.ग.)

– **अनावेदक**

**प्रति,**

1. मेहत्तर पिता रामप्रसाद 2. हरिराम पिता रामप्रसाद 3. सोनामति पति कोयटाराम 4. अमृतलाल पिता रूपराम 5.रामसिंह पिता तेजराम 6. विद्यावती पति हरिहर प्रसाद 7. मिथिला पति रामपाल 8. खेलकुंवर पति जगदीश जाति अघरिया, निवासी क्रमांक (01) ग्राम भालूमुड़ा, क्रमांक 02 से 08 ग्राम उरबा, तहसील तमनार जिला रायगढ़ (छ.ग.)

चूंकि आवेदक रतिराम पिता जोगीराम जाति गांड़ा निवासी ग्राम कोड़केल तहसील तमनार जिला रायगढ़ (छ.ग.) एवं अन्य-01 द्वारा आवेदन पेश कर लेख किया गया है कि ग्राम उरबा में उभय पक्षकारों के पूर्वज खड़ग एवं सुखाउ के नाम पर ग्राम लालपुर एवं उरबा में भूमि अंकित थी। ग्राम उरबा स्थित भूमि कुल खसरा नं. 06 कुल रकबा 0.669 हे. भूमि खड़ग एवं सुखाउ के नाम पर दर्ज था। खड़ग के मृत्यु उपरांत बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के खड़ग के नाम को राजस्व अभिलेखों से विलोपित कर दिया गया एवं खड़ग के विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेखों में दर्ज नहीं किया गया है। जबकि लालपुर की भूमि पर खड़ग के विधिक वारिसानों के रूप में जोगीराम का नाम दर्ज किया गया। आवेदकगण खड़ग के विधिक वारिसान होने के कारण उपरोक्त वादभूमि पर अपना नाम दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। जिसका आगामी सुनवाई तिथि 27/11/ 2025 को दिन के प्रातः 11.00 बजे मेरे न्यायालय में होगी। उक्त तिथि पर आपकी उपस्थिति हेतु प्रकाशन के माध्यम से नोटिस जारी किया जाता है कि यदि उक्त दावा में आप हित रखते हों तो आप उक्त तिथि को स्वयं या अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय करते हुए प्रकरण में कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 13/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**तमनार**

**खबर संक्षेप**



## खिलेश्वर बने महिला बाल विकास अधिकारी

**कुड़ेकेला।** छत्तीसगढ़ पीएससी का रिजल्ट घोषित हुआ, जिसमें धरमजयगढ़ ब्लॉक के विधायक लालजीत सिंह राठिया द्वारा गोद लिए गए ग्राम मुनुंद के युवा खिलेश्वर प्रसाद राठिया ने शानदार सफलता प्राप्त करते हुए बाल विकास अधिकारी के पद पर चयनित हुए। उनकी इस सफलता से क्षेत्र एवं समस्त राठिया समाज में खुशी का माहौल है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है सिर्फ उसे तराशने की जरूरत है ऐसे समय में ऐसी प्रतिभाओं को तरसते वाला जौहरी मिल जाए तो हीरा बन जाता है बड़े पिताजी रिटायर्ड शिक्षक भजन राम राठिया के सहयोग एवं मार्गदर्शन से बाल विकास अधिकारी बन क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। उनकी इस कामयाबी पर सांसद राधेश्याम राठिया अपनी टीम के साथ उनके घर पहुंच कर बालक को आशीर्वाद दिया। उनके अधिकारी बनने से पूरा क्षेत्र अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## अवैध धान 560 बोरी समेत वाहन जब्त

**सारंगढ़।** कलेक्टर एसपी के दौरे के दूसरे दिन सरिया तहसीलदार कोमल साहू के नेतृत्व में जांच दल ने बिना वैध दस्तावेज के ओड़िशा से सरिया परिवहन कर रहे 560 बोरी धान से भरे वाहन क्रमांक ओडी 17 के 7832 को ग्राम बोरिदा में अवैध होने के कारण मंडी अधिनियम के तहत जप्ती प्रकरण बनाया गया, जिसे अग्रिम कार्यवाही हेतु थाना प्रभारी सरिया के सुपुर्द किया गया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर के निर्देश के बाद जांच दल को शीघ्र कामयाबी मिली है। यह अवैध धान भठली ओड़िशा से नौघटा सरिया ले जाया जा रहा था

## साधु का भेष धारण कर महिला से लूटे गहने

**राउरकेला।** बंडामुंडा क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से साधु या बाबा का भेष धारण कर घूम रहे ठग सक्रिय हो गए हैं। ये लोग भगवान के नाम का गलत इस्तेमाल करते हुए घरों में घुसकर महिलाओं के सोनेए चांदी और अन्य कीमती गहने धोखे से लेकर फरार हो रहे हैं। रविवार को सेक्टर ए में ऐसा ही एक मामला सामने आया। ठगों ने एक महिला को पूजा.पाठ और आशीर्वाद का बहाना बनाकर बहलाया फुसलाया और उसका सोने का मंगलसूत्र ले कर फरार हो गए। स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने का आग्रह किया है। बंडामुंडा मे साधु के वेश मे लूट कर भागने वाले ठग का फोटो सीसीटीवी मे कैद हो गया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## राउरकेला में काला बैज प्रदर्शन के 19 दिन पूरे

**राउरकेला।** भुवनेश्वर सहित राज्य के सातों सरकारी आयुष कॉलेजों में छात्रों का काला बैज प्रदर्शन 19वें दिन पहुंचते ही अब तालाबंदी में बदल गया है। भुवनेश्वर, ब्रह्मपुर, बलांगीर, पुरी, अंकोशपुर, राउरकेला और संबलपुर के छात्र सरकार की उदासीनता से नाराज़ हैं। हाउस सर्जनों और छात्रों का आरोप है कि वर्षों से लंबित मांगों पर सरकार आश्वासन तो देती रही, पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। आल ओडिशा आयुष स्टूडेंट्स संसद प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री, केंद्रीय आयुष मंत्री, राज्य स्वास्थ्य मंत्री और आयुष निदेशक तक ज्ञापन दे चुकी है। वहीं राष्ट्रवादी कॉंग्रेस पार्टी ने इस बंद को पूर्ण समर्थन की घोषणा करते हुए भुवनेश्वर ही नहीं दिल्ली तक आवाज उठाने की बात की। पूर्व में नवीन पटनायक सरकार के समय भी आंदोलन हुआ था, जिसे लोइसिंगा विधायक और वर्तमान स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मुकेश महालिंग ने समर्थन दिया था, लेकिन छात्रों का कहना है कि वर्तमान मुख्यमंत्री मोहन मांझी व डॉ. महालिंग ने भी अब तक कोई समाधान नहीं दिया। आठ प्रमुख मांगों में नए आयुष मेडिकल ऑफिसर पद, पीजी-पीएचडी सीट बढ़ोतरी, डायनेमिक भत्ता और स्वतंत्र आयुष विभाग शामिल हैं। अध्यक्ष गिरिधर विश्वाल व महासचिव विभुनंद कर्मी ने चेताया है कि सरकार नहीं जागी तो आंदोलन और तेज होगा।

### 214 किसानों को अब तक 12 करोड़ रुपये का भुगतान

# भूअर्जन की राशि अब सीधे किसानों के बैंक खातों में ऑनलाइन हस्तांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

किसानों की सुविधा और पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए रायगढ़ जिला प्रशासन ने भूअर्जन मुआवजा राशि के भुगतान की प्रक्रिया में बड़ा परिवर्तन किया है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देश पर अब मुआवजे की राशि ऑनलाइन माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों के जरिए हस्तांतरित की जा रही है। इस नई व्यवस्था ने किसानों को बार बार कार्यालय और बैंकों की चक्कर कस्सी से निजात दिला दी है। पहले भूअर्जन की राशि चेक के माध्यम से भुगतान की जाती थी, जिसके चलते किसानों को चेक जमा करनेए क्लियरेंस की प्रतीक्षा और बैंक में बार बार जाने जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। किसानों की इन परेशानियों को देखते हुए प्रशासन ने 1 अक्टूबर से डिजिटल भुगतान व्यवस्था लागू की है।

इस अवधि में अब तक 214 किसानों को लगभग 12 करोड़ रुपये सीधे उनके खातों में ट्रांसफर किए जा चुके हैं। प्रशासन की इस पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया से किसान बेहद संतुष्ट हैं। इसी कड़ी में आज मुआवजे की राशि किसानों के खाते में ऑनलाईन राशि अंतरित की। इस अवसर पर एसडीएम महेश शर्मा और बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे। एसडीएम ने बताया कि इस डिजिटल प्रणाली से किसानों का समय और पैसा दोनों बच रहा है। उन्होंने बताया कि श्पहले किसानों को चेक मिलने के बाद उन्हें दूर दराज से बैंक तक जाना पड़ता था। जनसुविधा को ध्यान में रखते हुए यह प्रक्रिया डेढ़ महीने पहले शुरू की गईए जिसके तहत प्रभावित किसानों के कोड, बैंक अकाउंट नंबर और अन्य विवरण एकत्रित कर सीधा भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पटवारी लगातार गांव गांव जाकर किसानों के बैंक विवरण संकलित कर रहे हैं ताकि भुगतान प्रक्रिया आसान और तेज बन सके। किसानों ने प्रशासन के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान से उन्हें न केवल परेशानी से मुक्ति मिली है, बल्कि पारदर्शिता और सुरक्षा भी सुनिश्चित हो रही है।



किसानों के खाते में राशि ट्रांसफर करते अधिकारी।



## 10 प्रतिष्ठानों में जांच लिए गए 25 सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता और मानकों को सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के बाद बढ़ी मिलावट की आशंका और उपभोक्ता सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सरिता पटेल के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के प्रमुख बाजारों, दुकानों, होटल रेस्टोरेंट तथा नाश्ता केंद्रों में व्यापक निरीक्षण किया जा रहा है।

इस अभियान के दौरान रायगढ़ जिले के कुल 10 प्रतिष्ठानों की जांच कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 25 नमूने संकलित किए गए। खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा क्रमवार उन प्रतिष्ठानों में की गई कार्यवाही के दौरान अवधारण, स्वच्छता, कच्चे माल की गुणवत्ता और पैक्ड खाद्य पदार्थों के मानकों का अवलोकन किया गया। जांच के दौरान कई दुकानों और रेस्टोरेंट में ऐसे उत्पाद पाए गए, जिनकी गुणवत्ता संदेहास्पद लगी है, जिन्हें नियमानुसार सील कर नमूना परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया।

### इन संस्थानों में की गई जांच

प्रतिष्ठानों में कार्रवाई की गई, उनमें अतुल प्रोव्हिजन स्टोर पड़िगांव पुसौर, गुड्डू कैंटीन बीएस स्पंज आयरन तराईमाल, वारिस कैंटीन मेडिकल कालेज रोड रायगढ़, आरव ट्रेडर्स कोड़ातराई पुसौर, आमंत्रण रेस्टोरेंट सिग्नल चौक, शर्मा मार्केटिंग पुराना हटरी, आयुष ट्रेडिंग मोदी प्लाजा, शर्मा ट्रेडिंग पुराना हटरी, साहिल ट्रेडिंग पुराना हटरी शामिल हैं। इन प्रतिष्ठानों से टीम ने अलग अलग खाद्य उत्पाद जैसे लाल मिर्च पाउडर, चना सत्तु, इडली मिक्स, वेज मंचूरियन मिक्स, मसाले, नमकीन, बेकरी प्रोडक्ट, तेल, मिश्रित दालें, फास्ट फूड सामग्री आदि के नमूने संकलित किए।

## पीमश्री स्कूल में एक हजार छात्र, बैठने के लिए जगह नहीं

**रायगढ़।** जनदर्शन में पीएम श्री विद्यालय धरमजयगढ़ के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष ने बताया कि शाला में 1083 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं, लेकिन कक्षाओं की कमी के कारण नियमित अध्यापन प्रभावित हो रहा है। साथ ही विद्यालय में किचन शेड न होने से मध्यान्ह भोजन निर्माण और सामग्री भंडारण में भी दिक्कतें आ रही हैं। समिति ने शीघ्र समाधान की मांग की। इसी तरह बैकुंठपुर, रायगढ़ निवासी आशुतोष उपाध्याय ने भूमि अतिक्रमण से संबंधित शिकायत दर्ज कराई। रामभांठा, संजय नगर के होरीलाल सारथी ने पट्टा प्रदाय को लेकर आवेदन दिया। उन्होंने कहा कि आदेश पारित और उद्घोषित हो जाने के बाद भी उन्हें आज तक पट्टा प्राप्त नहीं हुआ है, जबकि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी हैं। ग्राम बरडीह के महकुलपारा के मोहल्लेवासी आंगनबाड़ी में अहाता निर्माण की मांग को लेकर आवेदन सौंपने पहुंचे। मस्जिदपारा धरमजयगढ़ के सुल्तान खान ने विधानसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन कार्य में लगे वाहन का किराया भुगतान नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। इसके अलावा जनदर्शन में अन्य लोगों ने राशन कार्ड, दिव्यांग पेंशन, वृद्धा पेंशन तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए।

## जेपीएल ने किया नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का आयोजन

**तमनार।** जिंदल फाउण्डेशन, जेपीएल तमनार द्वारा अपने सामाजिक सरोकार निर्वहन अंतर्गत तमनार क्षेत्र में दिनांक 15 से 21 नवम्बर तक नवजात शिशु देखभाल सप्ताह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर तमनार क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों बासनपाली, कोड़केल, तमनार, बेलजोर, छर्राटांगर एवं ग्राम रोड़ोपाली में नवजात षिषुओ के समुचित देखभाल पर आधारित परिचर्चा, प्रश्नमंच, गोष्ठी व जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में आज ग्राम रोड़ोपाली में आगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्व सहायता समूह की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी में ग्राम में गर्भवती महिलाओं एवं जन्म से 02 वर्ष तक के बच्चों की माताओं से परिचर्चा कर उन्हें गर्भधारण से पहले एवं दो साल तक बच्चों की पूरी देखभाल के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान स्वास्थ्य संगिनियों द्वारा 168 माताओं को जागरूक किया गया। माह नवम्बर में वात्सल्य परियोजना अंतर्गत 62 नवजात षिषुओं की माताओं को काउंसलिंग और पूरी देखभाल की सम्पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। वहीं शिशु स्वास्थ्य के बारे प्रश्नमंच आयोजित कर प्रतिभागी माताओं को सम्मानित किया गया। बच्चों के इस विशेष देखभाल सप्ताह के दौरान गर्भवती महिलाओं से परिचर्चा करते हुए सुश्री नीतू सारस्वत ने कहा कि यह कार्यक्रम अत्यधिक महत्वपूर्ण व आवश्यक है, क्योंकि क्षेत्र में स्वस्थ माता, स्वस्थ शिशु जिंदल फाउण्डेषन का लक्ष्य है।



## रेगड़ा में ग्रामीण बाल सभा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ तमनार

- पूर्व मंत्री और विधायक उमेश पटेल, राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल हुए शामिल

अखिल भारतीय अघरिया समाज क्षेत्र रायगढ़ ग्रामीण का क्षेत्रीय बाल सभा ग्राम रेगड़ा परिक्षेत्र बरलिया में 23 नवम्बर को संपन्न हुआ। जिसमें समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष उषा पटेल के मुख्य आतिथ्य अध्यक्षता रायगढ़ ग्रामीण के क्षेत्रीय अध्यक्ष राजेश नायक ने किया।

क्षेत्रीय बालसभा में खरसिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्व मंत्री उमेश नंदकुमार पटेल की भी उपस्थिति रही। समाज के इष्ट देव भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना के पश्चात सचिव राजेश पटेल द्वारा क्षेत्रीय प्रतिवेदन पठन एवं अध्यक्ष राजेश नायक द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया तत्पश्चात केंद्रीय पदाधिकारी महासचिव द्वय बिहारी लाल पटेल एवं तेज राम नायक सचिव भोजराम पटेल कोषाध्यक्ष दिनेश चौधरी पूर्व अध्यक्ष द्वय लक्ष्मण पटेल एवं लालमेन पटेल डोलनारायण पटेल सहित विभिन्न स्वजातिय पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय सभा एवं सामाजिक संगठन की उपयोगिता पर अपना वक्तव्य दिया।

खरसिया विधायक उमेश पटेल ने कहा कि रेगड़ा ग्रामवासी ने इस आयोजन की जिम्मेदारी अपने कंधे पर ली है और ग्रामीण परिवेश में सामाजिक संगठन की मजबूती के लिए इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता होती है। अघरिया समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती उषा पटेल ने कहा कि समाज की उन्नति सबके सामूहिक प्रयास से ही संभव होता है और यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम समाज को अग्रसर करने की दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। भोजन अवकाश के पश्चात द्वितीय सत्र में सभी आगंतुकों का सामाजिक इकाई रेगड़ा अंचल के पदाधिकारियों द्वारा प्रतीक चिन्ह देखकर सम्मान किया गया। वहीं क्षेत्रीय पदाधिकारी जयराम पटेल द्वारा आभार प्रदर्शन करते हुए सभी सहयोगियों का विशेष रूप से धन्यवाद ज्ञापित किया गया। रेगड़ा अंचल के पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई कार्यक्रम का संचालन रायगढ़ ग्रामीण के क्षेत्रीय सचिव राजेश पटेल द्वारा किया गया कार्यक्रम में महिलाओं की भी वृहद उपस्थिति रही।



## 3 साल से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलाईगढ़।** प्रार्थी खेमराज निराला निवासी ग्राम सिलादेई थाना कोसीर ने साल 2023 में थाना बिलाईगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया था। उसमें उल्लेख किया गया था कि ग्राम बरेली चौकी गिरोधपुरी जिला बलौदा बाजार के पीलाराम यादव नामक व्यक्ति से जान पहचान हुआ था। उसने बताया था कि अमलडीहा थाना बिलाईगढ़ निवासी राहुल जाटवर, रवि जाटवर असली नोट जैसा नकली नोट बनाते हैं जो मार्केट में चलता है। एक लाख के बदले में 15 लाख रुपए का नकली नोट देते हैं जिनका मोबाइल नंबर दिया था। जिस पर प्रार्थी ने संपर्क किया और एक लाख का 15 लाख के नकली नोट देने की बात बताया था। जिसे फोनपे के माध्यम से 10 हजार और 90 हजार रुपए नगद लेकर ठगी करने के संबंध में शिकायत किया था। आरोपी राहुल जाटवर पिता अरुण कुमार, रवि जाटवर पिता अरुण कुमार जाटवर निवासी अमलडीहा तथा पीतांबर पंकज पिता भगत राम पंकज निवासी सिलादेई थाना बिर्रा, पीलाराम यादव निवासी ग्राम बरेली चौकी गिरोधपुरी के विरुद्ध धारा 420, 34 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## घर की जिम्मेदारी के साथ समाज की सेवा में भी विशेष योगदानः महापौर

**रायगढ़।** मितानिन दिवस पर कमला नेहरू पार्क में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निगम क्षेत्र के सभी वार्डों की कुल 179 मितानिन बहनों को शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि मितानिन बहनों का योगदान हमारे समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे अपने घर की ज़िम्मेदारी निभाने के साथ-साथ पूरे मोहल्ले और समाज की सेवा में निरंतर जुटी रहती हैं। उन्होंने बताया कि मितानिनें शासन स्वास्थ्य सेवा का मजबूत स्तंभ हैं। शहरी क्षेत्रों में मितानिनों ने स्वास्थ्य सुविधाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मितानिनें गर्भवती महिलाओं की देखरेख, प्रसव पूर्व एवं प्रसवोत्तर सलाह, टीकाकरण जानकारी, कुपोषण की पहचान, आपात स्थिति में प्राथमिक उपचार, बीमार व्यक्तियों को स्वास्थ्य केंद्र तक पहुँचाने में तत्पर सहायता जैसे सेवाओं के माध्यम से घर-घर स्वास्थ्य जागरूकता फैलाती हैं। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सुरेश गोयल, पंकज कंकरवाल, अमित शर्मा, अशोक यादव, कौशलेश मिश्रा, मुक्तिनाथ बबुआ, त्रिवेणी डहरे, नारायण पटेल, यादराम साहू, नरेश पटेल, कुंदन सहित बड़ी संख्या में मितानिन बहनें व उनके परिजन उपस्थित रहे।



## धान उपार्जन केंद्रों में मिल रही उत्कृष्ट सुविधाएं

**रायगढ़।** धान उपार्जन केंद्रों में किसानों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। केंद्रों में पेयजल, छाया, प्रकाश व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, बारदाना, इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा, सीसीटीवी एवं सुरक्षा सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं के कारण किसानों में उत्साह का माहौल है और प्रतिदिन धान विक्रय के लिए किसानों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। उपार्जन केंद्र बायंग में धान विक्रय करने पहुंचे ग्राम के किसान जय चौधरी ने बताया कि उन्होंने 12 से 13 एकड़ भूमि में धान की खेती की है और इस वर्ष 200 से 225 क्विंटल उत्पादन की संभावना है। उन्होंने कहा कि धान विक्रय के लिए टोकन प्रक्रिया से लेकर तौल तक पूरा कार्य व्यवस्थित एवं सुगम रहा और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हुई। किसान श्री चौधरी ने कहा कि उपार्जन केंद्र में पेयजल, छाया सहित सभी सुविधाएं उत्कृष्ट हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से टोकन की सुविधा उपलब्ध है।



### तीन विकासखण्डों की स्थिति पर विस्तार से की गई चर्चा

# मातृ मृत्यु रोकथाम को लेकर सख्त हुए कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले में मातृ मृत्यु अनुपात में कमी लाने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने मातृ मृत्यु अंकेक्षण की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्वास्थ्य अमले से कहा कि मातृ मृत्यु रोकथाम जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसलिए प्रत्येक जोखिम पहचान, त्वरित उपचार, सतत निगरानी और संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने की दिशा में सभी अधिकारी कर्मचारी गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत करने के लिए आवश्यक संसाधनों एवं समन्वय को भी बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में हाल ही में घटित मातृ मृत्यु के प्रत्येक प्रकरण की बारीकी से जानकारी ली। इस दौरान संबंधित मरीज के परिजन मितानिन तथा संबंधित खंड चिकित्सा अधिकारियों से सीधे संवाद कर वास्तविक परिस्थितियों और कारणों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्भावस्था पंजीयन के प्रथम दिन से ही गर्भवती माताओं की चार अनिवार्य जांच समय पर कराई जाए तथा प्रत्येक गर्भवती का नियमित फॉलोअप सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि गर्भवती महिलाओं की खान-पान आदतों, स्वास्थ्य शिक्षा, उच्च-जोखिम गर्भावस्था की पहचान एवं समय रहते उपचार पर विशेष जोर दिया जाए। जिन मरीजों की स्थिति गंभीर हो या जिन्हें उच्च स्तरीय संस्थान में रेफर किया जाएए उनके लिए रेफरिंग संस्था के अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से टेलीफोनिक फॉलोअप लें, ताकि समय पर आवश्यक चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके।



